द संस्कार वैली की ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

• द संस्कार वैली स्कूल के पदक विजेता खिलाड़ी ग्रुप फोटो सेशन में हिस्सा लेते हुए।

Players Achievement

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल की ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने आईपीएससी गर्ल्स ताइक्वांडो टूर्नामेंट में पांच पदक जीते हैं। इसमें एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। हिसार में खेली गई प्रतियोगिता में अशिता भीमते ने रजत पदक हासिल किया। वहीं शुभी पाटीदार, जहान्वी बत्रा, प्रनय सिंगल, मृत्तिका मित्रा ने कांस्य पदक हासिल किए हैं। साथ ही अंजलि राघव तेजस्वी को भागीदारी का प्रमाण पत्र मिला। यह सभी खिलाड़ी एनआईएस कोच सतीश जाधव से प्रशिक्षण हासिल करतीं हैं। स्कूल की प्रिंसिपल अमलान के साहा, हेड ऑफ द एक्टीविटी प्रतिभा ललवानी, हेड ऑफ फिजिकल एजुकेशन डिपोर्टमेंट विकास चौधरी, कोअर्डीनेटर स्वाती शर्मा और अब्दुल शलीम ने प्रसन्नता व्यक्त की है।